Email : ideacitinews@gmail.com

एक नये कल के लिए एक नई आवाज

www.ideacitinews.com

आइडियासिटी

वर्ष : 5, अंक : 315

शनिवार, 21 नवंबर, 2026

interio by Godrej

GRAND FESTIVE OFFER

UPTO 35% OFF*

No Cost EMI and
Instant Discount up to ₹15000/-*

GRAND FESTIVE OFFER

UPTO 12% OFF*

No Cost EMI and
Instant Discount up to ₹15000/-*

interio by Godrej

आज प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी

"नीतीश सेतु"

का करेंगे उदघाटन।

नीतीश सेतु

Furniture | Kitchens | Mattresses | www.interio.com

Hospital More, Ranchi Road, Biharsharif, Nalanda-803101 | Mob: 9798287968, 9054276080

Email : ideacitinews@gmail.com

एक नये कल के लिए एक नई आवाज

www.ideacitinews.com

आइडियासिटी

वर्ष : 5, अंक : 315

शनिवार, 21 नवंबर, 2026



मुश्किल में सीएम और उनकी कुर्सी, जाएगा मंत्री पद? तेजस्वी ने उठाया 'ऑफिस ऑफ प्रॉफिट' का मुद्दा

पटना : बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी एक बार फिर से मुश्किलों से घिर गए हैं. इस बार संकट ऐसा है कि खतरा सीधे उनकी कुर्सी तक पहुंच गया है. मंत्री रहते सहायक प्रोफेसर बनने के मामले में अशोक चौधरी इन दिनों विवादों में हैं. लोक भवन ने महाधिवक्ता से राय मांगी है. राजद ने अशोक चौधरी को विधान परिषद की सदस्यता समाप्त कर मंत्री से हटाने की मांग की है. अशोक चौधरी ऐसा नहीं है की पहली बार विवादों में रहे हैं इससे पहले भी किसी न किसी विवाद के कारण चर्चा में बने रहे हैं. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अशोक चौधरी पर तिहरा लाभ लेने का आरोप लगाया है. तेजस्वी यादव ने कहा है बिहार सरकार ने संविधान को फाड़कर कूड़े के ढेर में फेंक दिया है. 9 महीना से एक फर्जी मंत्री को सरकार में बैठा रखा है. वह अवैध मंत्री हर प्रकार के वैधानिक कार्यों में संलिप्त है. लोक भवन ने एक ही व्यक्ति के एक साथ तीन पद मंत्री, सहायक अध्यापक और विधान पार्षद रहने पर गहरी आपत्ति जताई है. आरोप है कि संविधान के स्पष्ट निर्देशों और नियमों के विपरीत मंत्री की सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति हुई. स्थापित प्रावधानों प्रक्रियाओं और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए नियुक्ति के अगले दिन ही मंत्री अशोक चौधरी प्रोबेशन पीरियड के दौरान लंबी अवधि की अनिश्चितकालीन छुट्टियों पर चले गए.



सदस्यता रद्द कर मिले सजा

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव सोशल मीडिया के जरिए ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय के सेवा नियमों के अनुसार वह छुट्टी ले ही नहीं सकते और ना हीं अनिश्चितकाल के लिए छुट्टियां स्वीकार हो सकती है. लाभ के पद के प्रावधानों के अनुसार अभिलंब उनकी सदस्यता रद्द कर धोखाधड़ी के मामले में सजा होनी चाहिए. वहीं राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा के सांसद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अशोक चौधरी को मंत्री पद से हटाने की मांग की है कुल मिलाकर आरजेडी इस मामले में हमलावर है. ऑफिस ऑफ प्रॉफिट केस में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के अनुसार वेतन या भत्ता लेना मायने नहीं रखता, बल्कि सदन का सदस्य रहते हुए लाभ का दूसरा पद स्वीकार करना ही अवैध है. सदस्यता उसी क्षण समाप्त मानी जाएगी. ऐसे फर्जी मंत्री को एक मिनट भी पद पर रहने का अधिकार नहीं है. चौपट राज के अज्ञानी मुख्यमंत्री को कुछ पता नहीं, मुख्यमंत्री सचिवालय से लेकर हर जगह संविधान की अवेहलना की जा रही है. हम इस मामले को लेकर ऊपर तक जाएंगे.

क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

इस मामले में विशेषज्ञ प्रोफेसर प्रमोद कुमार का कहना है कि विश्वविद्यालय अधिनियम में या साफ प्रावधान है कि प्रोबेशन पीरियड में दूसरा कोई काम नहीं कर सकते हैं. पटना विश्वविद्यालय और दूसरे विश्वविद्यालय के लिए यह अलग व्यवस्था जरूर है, लेकिन सहायक प्रोफेसर तो कोई भी बन सकता है. विश्वविद्यालय अधिनियम में यह प्रावधान जरूर है कि कोई प्रोफेसर पहले से है और फिर विधायक या मंत्री बनता है, तो वह लियन में जाकर मंत्री और सदस्य की अपनी भूमिका निभा सकता है. लेकिन मंत्री या पार्षद रहते हुए ऐसा कर सकता है कि नहीं इसको लेकर प्रावधान स्पष्ट नहीं है.



पूर्व सीएम नीतीश कुमार के साथ मुख्यमंत्री अशोक चौधरी


कोई मंत्री और विधान परिषद के सदस्य रहते सहायक प्रोफेसर बन सकता है कि नहीं उसके लिए स्पष्ट प्रावधान नहीं है. इसी को लेकर लोक भवन ने महाधिवक्ता से कानूनी राय मांगी है. कानूनी राय आता है तो उसके हिसाब से कार्रवाई भी होनी चाहिए, लेकिन तब तक इंतजार करना पड़ेगा. हालांकि इस मामले में मंत्री अशोक चौधरी का कहना है कि मेरी छुट्टी स्वीकृत हुई या स्वीकृत इसकी मुझे जानकारी नहीं है और राजद शासन काल में भी कई लोग सहायक प्रोफेसर बने हैं. अशोक चौधरी यह कहते हुए निकल गये कि जितना मुझे जानकारी है उतना आपको भी.

बचाव में उतरी जेडीयू

जदयू मंत्री मदन सहनी अशोक चौधरी का बचाव कर रहे हैं और कह रहे हैं कि नेता प्रतिपक्ष के पास अब कोई काम नहीं रह गया है. बिहार की जनता ने किसी लायक उन्हें छोड़ भी नहीं है. पहले भी विधान परिषद के सदस्य मंत्री रहते लोग सहायक प्रोफेसर बने हैं, इसके कई उदाहरण हैं. जितना उनको जानकारी था और जो मामला है, उस मामले में उन्होंने छुट्टी के लिए आवेदन दिया है. इसके आगे का जो प्रक्रिया है जब वो होगा तो देखा जाएगा. इसमें कहीं कोई आपत्ति नहीं, इस तरह का मामला अनेकों हैं, जो हम लोगों की जानकारी में हैं और पहले भी रह चुके हैं. तेजस्वी जी को सिवाय आरोप लगाने के काम ही क्या बचा है.

कार्रवाई होगी इसकी संभावना कम

राजनीतिक विशेषज्ञ केके लाल का कहना है कि "अशोक चौधरी पहले भी कई बार विवादों में रह चुके हैं, यह कोई नया विवाद नहीं है. पार्टी के नेताओं से विवाद हो या परिवार के सदस्यों को दूसरे दल से टिकट दिलाने का मामला हो, किसी ने किसी रूप में चर्चा में रहे हैं. हालांकि ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले में इस बार सम्राट चौधरी और जदयू की मुश्किल जरूर बढ़ा दिए हैं, लेकिन कोई कार्रवाई होगी, इसकी संभावना कम है.



बिहार में 2.25 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों से खुलेगा विकास का नया रास्ता

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने निवेशकों से कहा- बिहार पर भरोसा करें, उद्योग लगाएं

आइडियासिटी संवाददाता



पटना। बिहार में औद्योगिक विकास को नई गति देने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य में 2 लाख 25 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्वागत किया। शुक्रवार को होटल मौर्या में उद्योग विभाग और ऊर्जा विभाग की ओर से आयोजित 'उद्यमियों से संवाद' एवं 'एमओयू एक्सचेंज' समारोह में विभिन्न कंपनियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ निवेश प्रस्तावों को लेकर समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से बिहार पर भरोसा करने, राज्य में उद्योग स्थापित करने और बिहार की प्रगति में अपना योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से आगे बढ़ना चाहता है और राज्य सरकार का संकल्प बिहार को देश के सबसे तेजी से औद्योगिक विकास करने वाले राज्यों में शामिल करना है। राज्य में 2.25 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव इस बात का प्रमाण हैं कि उद्योगपतियों और निवेशकों का बिहार पर भरोसा बढ़ रहा है। समारोह में अदाणी हाइड्रो एनर्जी, टोरेंट एनर्जी स्टोरेज सॉल्यूशंस, ग्रीनको एनर्जीज, एनटीपीसी, न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, फेडरेशन ऑफ एविएशन इंडस्ट्री इन इंडिया, रेनवियन (रामकी ग्रुप), एसएईएल इंडस्ट्रीज, सीपीए प्राइवेट लिमिटेड सहित कई कंपनियों ने निवेश प्रस्तावों को लेकर समझौते किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 में जब देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे, तब विकसित भारत के निर्माण में बिहार की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राज्य सरकार का लक्ष्य समृद्ध और विकसित बिहार का निर्माण करना है। इसके लिए बिहार अपनी ऐतिहासिक विरासत, प्रतिभा और संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए औद्योगिक एवं आर्थिक विकास की नई इबारत लिखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की दो प्रमुख चुनौतियां पानी और जनसंख्या रही हैं, लेकिन अब इन्हें राज्य की ताकत में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर बिहार की नदियों से निकलने वाली गाद के वैज्ञानिक प्रबंधन और निर्माण कार्यों में उसके उपयोग की संभावनाओं पर काम हो रहा है। इसके लिए गाद नीति बनाई गई है। इससे नदियों की गाद की समस्या का समाधान होने के साथ निर्माण कार्यों के लिए उपयोगी संसाधन भी उपलब्ध होंगे। बाढ़ नियंत्रण के लिए नदियों के तटबंधों को ऊंचा और व्यवस्थित करने सहित जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। ऊर्जा क्षेत्र में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि बिजली के क्षेत्र में करीब 23 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। राज्य के 1.92 करोड़ परिवारों को 125 यूनिट मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए 11 हजार मेगावाट बिजली के लिए समझौता भी किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त बिजली की उपलब्धता औद्योगिक विकास और निवेश को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने बिहार के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने के लिए परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के विकास पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राज्य में 12 नई टाउनशिप विकसित करने की योजना है। बिहार को शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। बड़े शैक्षणिक संस्थानों से राज्य में अपने संस्थान स्थापित करने की अपील की गई। इसके साथ ही इको-टूरिज्म और धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करने पर जोर दिया गया। गुरु गोविंद सिंह महाराज और भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों के विकास के साथ माता सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी में भी निर्माण एवं विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों के नए अवसर पैदा होंगे। निवेशकों को भरोसा दिलाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और बेहतर बनाया जा रहा है। निवेश संबंधी प्रस्तावों को 30 दिनों के भीतर स्वीकृति देने की व्यवस्था की जा रही है। निर्धारित समय में निर्णय नहीं होने पर 31वें दिन स्वतः स्वीकृति (डीम्ड अप्रूवल) का प्रावधान लागू होगा। सरकार का उद्देश्य उद्यमियों को अनावश्यक प्रक्रियाओं से मुक्त कर निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है। रोजगार और महिला सशक्तीकरण पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले छह वर्षों में 13 लाख सरकारी नौकरियां और 2 करोड़ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। आगामी पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को रोजगार एवं सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा एक करोड़ परिवारों को उद्यमी बनाने और एक करोड़ महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। अब तक 50 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों और निवेशकों से बिहार की विकास यात्रा में सहभागी बनने की अपील करते हुए कहा कि बिहार में निर्माण करें, बिहार पर विश्वास करें और विकसित एवं समृद्ध बिहार के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, ऊर्जा विभाग के सचिव अजय यादव, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, निवेशक और उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे।

एजी कॉलोनी चोरीकांड का खुलासा, 41 ग्राम सोना और 506 ग्राम चांदी के साथ शातिर लाइनर गिरफ्तार

छठ के दौरान खाली घरों को बनाते थे निशाना, 43,550 रुपये नकद भी बरामद

आइडियासिटी संवाददाता



पटना। शास्त्री नगर थाना क्षेत्र के एजी कॉलोनी में हुई भीषण चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस अधीक्षक (मध्य) के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात में अहम भूमिका निभाने वाले एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दीघा के फेयरफील्ड कॉलोनी निवासी 34 वर्षीय संजीत कुमार उर्फ बंटा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के जेवरात से गलाया हुआ करीब 41 ग्राम सोना, 506 ग्राम चांदी, 43 हजार 550 रुपये नकद और एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 15 नवंबर 2026 की रात करीब 1:15 बजे से 3:30 बजे के बीच एजी कॉलोनी स्थित मकान संख्या बी-20 में चोरी की वारदात हुई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए शास्त्री नगर पुलिस ने जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक (मध्य) के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर मामले का अनुसंधान किया गया। जांच के दौरान संजीत कुमार उर्फ बंटा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसकी इस चोरी में लाइनर की अहम भूमिका सामने आई है। वह अपराधियों को घटनास्थल तक लाने-ले जाने का काम करता था और वारदात को अंजाम देने में उनकी मदद करता था। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। वह कंकड़बाग और कदमकुआं समेत अन्य थाना क्षेत्रों में दर्ज मामलों में पहले भी जेल जा चुका है। जांच में गिरोह के काम करने का तरीका भी सामने आया है। गिरोह के सदस्य खासतौर पर छठ जैसे त्योहारों के दौरान खाली पड़े घरों को निशाना बनाते थे। जब परिवार के लोग पूजा या अन्य कारणों से घर से बाहर रहते थे, तब अपराधी मौका देखकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। चोरी की घटना में शामिल अन्य फरार अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है।

नौ रन से चूकी जीत, बिहार ने आखिरी गेंद तक जगाई उम्मीद !

आइडियासिटी कुन्दन श्रीवास्तव



पटना । 191 रन का लक्ष्य और बिहार की बल्लेबाजी ने जीत की उम्मीद जगा दी, लेकिन नौ रन का फासला मंजिल और कामयाबी के बीच दीवार बन गया। इंदौर के होलकर क्रिकेट स्टेडियम में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलिट ग्रुप मुकाबले में बिहार ने आठ विकेट पर 181 रन बनाए और जम्मू-कश्मीर से नौ रन से हार गया। जम्मू-कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 190 रन बनाए। आखिरी दो ओवरों में 49 रन बटोरकर उसने मुकाबले का रुख बदल दिया। युधवीर सिंह ने नौ गेंदों पर नाबाद 36 रन, जबकि अब्दुल समद ने 26 गेंदों पर 42 रन बनाए। कवालप्रीत सिंह ने 33 और शुभम खजूरिया ने 27 रन जोड़े। बिहार की ओर से सूरज कश्यप और प्रशांत सिंह ने दो-दो विकेट, जबकि अमोद यादव ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आयुष लोहारुका ने आठ गेंदों पर 22 रन और अशिष कुमार ने 27 गेंदों पर 46 रन बनाकर तेज शुरुआत दी। अल्तमिश अशरफ ने 36 गेंदों पर 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेल उम्मीद कायम रखी। तरुण कुमार ने 15, पृथ्वी राज ने नाबाद 18 और सूरज कश्यप ने नाबाद नौ रन बनाए। हालांकि बिहार जीत से नौ रन दूर रह गया।

158.43 करोड़ से बदली बिहार के दो कृषि बाजारों की तस्वीर, 21 नवंबर को पीएम मोदी करेंगे लोकार्पण

आइडियासिटी संवाददाता



पटना। बिहार में कृषि विपणन व्यवस्था को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 नवंबर को गयाजी और पटना के मुसल्लहपुर स्थित आधुनिक कृषि बाजार प्रांगणों का लोकार्पण करेंगे। कृषि विभाग के कृषि विपणन निदेशालय की ओर से दोनों बाजारों का 158.43 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण कराया गया है। इससे किसानों, व्यापारियों और कृषि व्यवसाय से जुड़े लोगों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी तथा कृषि उत्पादों के खरीद-बिक्री और विपणन की व्यवस्था बेहतर होगी। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि किसानों को बेहतर उत्पादन के अवसर देने के साथ उनकी उपज के उचित विपणन के लिए आधुनिक बाजार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार कृषि बाजारों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए लगातार काम कर रही है। पटना के मुसल्लहपुर कृषि बाजार प्रांगण के विकास पर 68.41 करोड़ रुपये और गयाजी कृषि बाजार प्रांगण के आधुनिकीकरण पर 90.02 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। दोनों बाजार प्रांगणों में किसानों, व्यापारियों, श्रमिकों और आम नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई आधुनिक व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं। इनमें वेंडिंग प्लेटफॉर्म, दुकानों का निर्माण, वे-ब्रिज, जल निकासी व्यवस्था, प्रशासनिक भवन, आंतरिक सड़कें, श्रमिक विश्राम गृह, सोलर पैनल, मछली बाजार, कर्मचारी कैंटीन, केला मंडी और अपशिष्ट निपटान के लिए कम्पोस्टिंग संयंत्र शामिल हैं। इन सुविधाओं से बाजारों में खरीद-बिक्री की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और सुगम होगी।
आधुनिकीकरण के तहत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। सोलर पैनल से नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा, जबकि कम्पोस्टिंग संयंत्र के माध्यम से बाजार से निकलने वाले कचरे का बेहतर प्रबंधन किया जा सकेगा। श्रमिक विश्राम गृह और कर्मचारी कैंटीन जैसी सुविधाओं से बाजार से जुड़े श्रमिकों और कर्मचारियों को भी राहत मिलेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि बिहार में कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए उत्पादन के साथ-साथ भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन की सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज के बेहतर विपणन का अवसर उपलब्ध कराना और कृषि व्यापार को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि दोनों कृषि बाजार प्रांगणों का आधुनिकीकरण किसानों की सुविधा, कृषि व्यापार की मजबूती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



बिहटा में खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, होटल के किचन से 2 किलो चिकन जब्त कर नष्ट कराया

आटा, मैदा और हल्दी के नमूने जांच के लिए भेजे गए

आइडियासिटी संवाददाता

पटना । खाने की थाली में स्वाद के नाम पर कहीं सेहत से खिलवाड़ तो नहीं हो रहा? बिहटा में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दो खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर जब किचन और भंडारण व्यवस्था की जांच की, तो कई गंभीर खामियां सामने आईं। कहीं साफ-सफाई का अभाव था, तो कहीं कर्मचारियों की मेडिकल रिपोर्ट गायब और खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था नदारद। कार्रवाई के दौरान करीब 2 किलो पका हुआ चिकन मौके पर नष्ट कराया गया, जबकि आटा, मैदा और हल्दी पाउडर के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे गए हैं। दोनों प्रतिष्ठानों को कमियां दूर करने के लिए सुधारात्मक नोटिस जारी किया गया है।

बिहटा-आरा रोड पर न्यूट्रिशन कंपनी में मिलीं कई खामियां

खाद्य संरक्षा अधिकारियों की टीम ने बिहटा-आरा रोड स्थित तिरुपति बालाजी न्यूट्रिशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिष्ठान पर जांच की। यहां खुले आटे और खुले मैदा के नमूने लिए गए।

निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था नहीं मिली। कर्मचारियों के पास फेस मास्क और स्वास्थ्य संबंधी रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं थी। प्रतिष्ठान में पेस्ट कंट्रोल का प्रमाणपत्र गायब मिला, वहीं खाद्य उत्पादों के बैच नंबर की पहचान और ट्रैकिंग की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई। खाद्य सुरक्षा मानकों की इन कमियों को गंभीरता से लेते हुए टीम ने प्रतिष्ठान को सुधारात्मक नोटिस जारी किया और आवश्यक व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।



होटल के किचन में असुरक्षित चिकन, मौके पर ही कराया नष्ट

इसके बाद टीम बिहटा-कोईलवर रोड स्थित मेसर्स सोन हरदेव गुजराती होटल्स प्राइवेट लिमिटेड पहुंची। यहां जांच के दौरान खाद्य पदार्थों के असुरक्षित भंडारण और स्वच्छता संबंधी कई कमियां उजागर हुईं। असुरक्षित स्थिति में रखे करीब 2 किलोग्राम पके हुए चिकन को मौके पर ही नष्ट कराया गया। साथ ही हल्दी पाउडर का नमूना भी संग्रहित किया गया। होटल में पेयजल की गुणवत्ता संबंधी रिपोर्ट और कर्मचारियों की मेडिकल रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। नॉनवेज खाद्य पदार्थों के भंडारण के लिए अलग डीप फ्रीजर की व्यवस्था भी नहीं मिली। प्लेटों और बर्तनों की साफ-सफाई, सैनिटाइजेशन तथा कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता में भी कमियां पाई गईं।

एल्युमिनियम के बर्तन बदलने से लेकर प्लेटों के सैनिटाइजेशन तक निर्देश

खाद्य सुरक्षा टीम ने होटल प्रबंधन को सभी एल्युमिनियम के बर्तन बदलने और फाइबर की सर्विंग प्लेटों को भी हटाने का निर्देश दिया। प्लेटों को अच्छी तरह धोने के बाद अनिवार्य रूप से सैनिटाइज करने को कहा गया है। इसके अलावा खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, स्वच्छता, कर्मचारियों के स्वास्थ्य संबंधी दस्तावेज और खाद्य सुरक्षा मानकों से जुड़ी सभी कमियों को निर्धारित समय में दूर करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की खाद्य संरक्षा इकाई ने स्पष्ट किया है कि आम लोगों को स्वच्छ, शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिले के खाद्य प्रतिष्ठानों की लगातार जांच की जा रही है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, साफ-सफाई, सुरक्षित भंडारण और कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता में लापरवाही मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग का कहना है कि अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि खाद्य कारोबारियों को नियमों के प्रति जागरूक करना भी है।

313 रन की बढ़त के बाद भी बिहार की मुश्किलें बरकरार

आइडियासिटी कुन्दन श्रीवास्तव

पटना । वडोदरा के जीएसएफसी क्रिकेट ग्राउंड पर विजय मर्चेंट ट्रॉफी अंडर-16 एलिट मुकाबले में बिहार की टीम पंजाब के खिलाफ दबाव में है। पहली पारी में महज 66 रन पर सिमटने के बाद बिहार ने दूसरी पारी में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 36 ओवर में पांच विकेट पर 126 रन बनाए हैं। पंजाब की पहली पारी की बढ़त के मुकाबले बिहार अभी 187 रन पीछे है। पंजाब ने दूसरे दिन छह विकेट पर 379 रन बनाकर पहली पारी घोषित की और बिहार पर 313 रन की विशाल बढ़त हासिल की। सक्षम जैन ने 128 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि रन्निंव्ज ने 70 और हर्जागतेश्वर ने 73 रन बनाए। बिहार की ओर से अयान जाकि ने तीन विकेट, ऋषित, आकाश और समीर ने एक-एक विकेट लिया।

दूसरी पारी में सूरज ने 24, ऋषित ने 34, आकाश ने 20 और उत्तम ने 31 रन बनाकर टीम को संभालने की कोशिश की। पंजाब की ओर से सुखमन ने तीन, कारणवीर और रन्निंव्ज ने एक-एक विकेट लिया। दिन के अंत में रमन आठ और नमन बिना खाता खोले क्रीज पर थे। तीसरे दिन बिहार के लिए पारी संभालना और पंजाब की बढ़त कम करना चुनौती होगी।

बिहार को मिलेंगी 100 नई इलेक्ट्रिक बसें, पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

27 नवंबर को बिहार-दिल्ली के बीच होगा परिवहन समझौता, सफर होगा आसान

आइडियासिटी संवाददाता

पटना। बिहार में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत राज्य को 100 नई इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दोपहर 1:35 बजे पटना के फुलवारी शरीफ स्थित बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के केंद्रीय कार्यशाला से इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 'बिहाइंड द मीटर पावर इंफ्रास्ट्रक्चर' का भी लोकार्पण करेंगे। इन बसों के परिचालन से यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलने के साथ प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलेगी।



कार्यक्रम में राज्यपाल सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और विजेंद्र प्रसाद यादव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, परिवहन मंत्री दामोदर रावत और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। वहीं, बिहार और दिल्ली के बीच बस परिवहन को आसान बनाने के लिए 27 नवंबर को नई दिल्ली में पारस्परिक परिवहन समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में परिवहन मंत्री दामोदर रावत, विभाग के सचिव राज कुमार और बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा शामिल होंगे।

इस समझौते से दोनों राज्यों के बीच बस परिचालन और यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

मगध की बेटियों ने जीते दो खिताब, अंडर-19 में पटना चैंपियन



आइडियासिटी कुन्दन श्रीवास्तव

पटना । पाटलिपुत्र खेल परिसर के इंडोर हॉल में संपन्न राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल विद्यालय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मगध प्रमंडल की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 और अंडर-17 के दोनों खिताब जीत लिए। वहीं अंडर-19 वर्ग में मेजबान पटना प्रमंडल चैंपियन बना। प्रतियोगिता खेल विभाग, बिहार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। अंडर-14 फाइनल में मगध ने पटना को 29-25 से हराया। डौली ने 16 अंक बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। तीसरे स्थान के मुकाबले में तिरहुत ने दरभंगा को 16-02 से हराया। अंडर-17 फाइनल में मगध ने पटना को 35-26 से शिकस्त दी। अवंतिका ने 14 अंक जुटाए। तीसरे स्थान पर भागलपुर रहा, जिसने दरभंगा को 14-02 से पराजित किया। अंडर-19 फाइनल में पटना ने मगध को 40-16 से हराकर खिताब जीता।

जुडिथ ने 16 अंक बनाए। कांस्य मुकाबले में तिरहुत ने दरभंगा को 18-04 से हराया।

पुरस्कार वितरण समारोह में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक रविन्द्र नाथ चौधरी समेत अधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए। आयोजन में प्रशिक्षकों, निर्णायकों और टीम प्रभारियों को भी सम्मानित किया गया।

राजस्व कार्यों में लापरवाही पर डीएम सख्त, नावकोठी सीओ पर कार्रवाई की अनुशंसा

दो अधिकारियों का वेतन रोका, लंबित मामलों के निष्पादन का अल्टीमेटम

आइडियासिटी संवाददाता

बेगूसराय। राजस्व कार्यों में लापरवाही और खराब प्रदर्शन पर डीएम रिची पांडेय ने सख्त रुख अपनाया है। समाहरणालय में समीक्षा बैठक के दौरान नावकोठी सीओ मुकेश कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा तथा बेगूसराय सदर के राजस्व अधिकारी मनोज कुमार और छौड़ाही सीओ चंद्र प्रकाश पांडेय का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया। नावकोठी में राजस्व महा-अभियान के 4741 आवेदनों में केवल 1039 का निष्पादन हुआ, जबकि 2994 लंबित हैं। निष्पादन दर 25.76 प्रतिशत रही। दाखिल-खारिज में 13.2 प्रतिशत अस्वीकृति भी जिले में सर्वाधिक मिली। बेगूसराय सदर में 4342 सरकारी प्लॉटों में केवल 2456 का सत्यापन हुआ। लोक भूमि अतिक्रमण के 18 मामले लंबित मिले। छौड़ाही में अभियान बसेरा-2 के तहत पर्चा वितरण की तैयारी भी लक्ष्य के अनुरूप नहीं मिली। जिले में 22455 दाखिल-खारिज मामलों



में 20668 का निष्पादन हुआ है। डीएम ने लंबित मामलों को समय सीमा में निपटाने और अगली बैठक में जवाबदेही तय करने की चेतावनी दी।

3.03 लाख मतदाताओं के नामों की होगी जांच, महिला वोटरों पर विशेष नजर

आइडियासिटी संवाददाता

बेगूसराय। मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के लिए प्रशासन ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 की तैयारी तेज कर दी है। शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नीरज सिन्हा की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। 143-तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र के 339 मतदान केंद्रों पर कुल 3,03,688 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 1,59,865 पुरुष, 1,43,815 महिला और आठ थर्ड जेंडर मतदाता हैं। वर्तमान जेंडर रेशियो 900 है। कम अनुपात वाले बूथों पर महिला मतदाताओं के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। 21-22 नवंबर और 5-6 दिसंबर को सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहेंगे। प्रपत्र छह, सात और आठ के माध्यम से नाम जोड़ने, हटाने और सुधार के आवेदन लिए जाएंगे। दावा-आपत्ति की अवधि 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक है। एसडीएम ने बीएलए को सक्रिय कर बीएलओ के साथ समन्वय बनाने की अपील की। निर्वाचन शाखा में हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया है।



बीपीएससी का नया परीक्षा कैलेंडर जारी, टीआरई-4 में 33 हजार पद; कई भर्तियां इंटरव्यू से

72वीं पीटी 17 जनवरी 2027 को संभावित, अभ्यर्थियों को मिली नई तारीखों की जानकारी

आइडियासिटी संवाददाता

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और नियुक्तियों का संशोधित परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें 72वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा और शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-4 सहित कई महत्वपूर्ण भर्तियों की संभावित तिथियां घोषित की गई हैं। कैलेंडर के अनुसार 72वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा 17 जनवरी 2027 को संभावित है। इस परीक्षा के तहत 1189 पदों का उल्लेख किया गया है। वहीं शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-4 के 33,320 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया एक चरण में होगी। इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक कॉलेजों तथा अग्निशमन सेवा के कई विशेषज्ञ पदों पर चयन केवल साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। 71वीं संयुक्त मुख्य परीक्षा का परिणाम छह नवंबर को जारी हो चुका है।

अभियोजन पदाधिकारी के 300 पद और राजस्व विभाग के शोध पदाधिकारी के तीन पदों की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम 19 नवंबर को घोषित किया गया। विशेष शिक्षक भर्ती के 7279 पदों और सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के 935 पदों की प्रक्रिया जारी है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कैलेंडर की तिथियां संभावित हैं।

10 मांगों को लेकर पटना में गरजे चालक, गांधी मैदान के आसपास लगा जाम

38 जिलों से पहुंचे करीब 4000 चालक, कल्याण योजना और आयोग गठन की मांग

आइडियासिटी संवाददाता

पटना। वाहन चालकों की 10 सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को राजधानी पटना में जोरदार प्रदर्शन हुआ। ड्राइवर एसोसिएशन ऑफ बिहार के बैनर तले राज्य के 38 जिलों से करीब चार हजार चालक जेपी गोलंबर के पास जुटे। प्रदर्शन के कारण गांधी मैदान के आसपास यातायात प्रभावित हुआ और राहगीरों को जाम की समस्या झेलनी पड़ी। प्रदर्शन की शुरुआत गांधी मैदान स्थित जेपी प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद चालक डाकबंगला चौराहा और गोलंबर होते हुए लोकसेवक आवास एवं विधानमंडल की ओर बढ़ने की योजना के साथ निकले। संगठन के संरक्षक मनोज कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र राय और सचिव राजू कुमार सिंह मौजूद रहे। चालकों ने बिहार में मुख्यमंत्री वाहन चालक कल्याण योजना, ड्राइवर आयोग और



कल्याण कोष गठन की मांग की। सड़क हादसे में मौत पर पांच लाख रुपये सहायता, बीमा योजना, वाहनों में रिकॉर्डिंग कैमरे, एक सितंबर को ड्राइवर दिवस और सरकारी अस्पतालों के आईसीयू में चालकों के लिए बेड आरक्षित करने की मांग भी उठाई। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया। चालकों का कहना है कि पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर कार्रवाई नहीं होने से आंदोलन करना पड़ा।

बीपीएससी 72वीं पीटी की तारीख तय! 17 जनवरी 2027 को संभावित परीक्षा, 5.15 लाख अभ्यर्थियों की नजर

आइडियासिटी संवाददाता

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 72वीं संयुक्त प्रतियोगिता प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। आयोग ने परीक्षा की संभावित तारीख 17 जनवरी 2027 निर्धारित की है। करीब 5.15 लाख अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है। परीक्षा पहले 26 जुलाई 2026 को प्रस्तावित थी। बाद में इसे स्थगित कर 25 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की गई, लेकिन उस दिन भी परीक्षा नहीं हो सकी। अब जनवरी 2027 में परीक्षा आयोजित होने की संभावना है। अभ्यर्थियों को अंतिम कार्यक्रम के लिए आयोग की आधिकारिक सूचना पर नजर रखने की सलाह दी गई है। इस परीक्षा के माध्यम से विभिन्न विभागों में 1187 पदों पर नियुक्ति होगी। इनमें राजस्व पदाधिकारी के 365, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के 130, अनुमंडलीय कल्याण पदाधिकारी के 101, एसडीएम/एसडीओ के 100 और राज्य कर सहायक आयुक्त के 76 पद शामिल हैं।

इसके अलावा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, ग्रामीण विकास पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के पद भी भरे जाएंगे। लगातार परीक्षा स्थगित होने से अभ्यर्थियों की तैयारी प्रभावित हुई है।

49 गेंदों पर गौरव टाइगर का शतक, लीजेंड इलेवन को दिलाई शानदार जीत

108 रन की नाबाद पारी से मैदान में मचा तूफान, चीकू और राहुल स्टार भी चमके

आइडियासिटी संवाददाता

बेगूसराय। गढ़हारा प्रीमियर लीग सीजन-3 के मुकाबलों में बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का रोमांच बढ़ा दिया। पहले मुकाबले में गौरव टाइगर ने 49 गेंदों पर 108 रन की नाबाद शतकीय पारी खेल लीजेंड इलेवन को जीत दिलाई। गोल्डेन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में नौ विकेट पर 140 रन बनाए। जवाब में लीजेंड इलेवन ने 12.3 ओवर में तीन विकेट पर 146 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। गौरव टाइगर की विस्फोटक बल्लेबाजी आकर्षण का केंद्र रही। दूसरे मुकाबले में सुपरकिंग्स ने 15 ओवर में नौ विकेट पर 153 रन बनाए। चीकू ने 14 गेंदों पर 37 रन की आतिशी पारी खेली। टाइगर इलेवन के राहुल स्टार ने तीन ओवर में 16 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि राकेश ने दो ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट हासिल



किए। टूर्नामेंट का उद्घाटन कृष्णनंदन, जितेंद्र कुमार और श्याम किशोर छोटे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। स्थानीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से मैदान क्रिकेटमय रहा।

अब बार-बार प्रदूषण जांच कराने से मिलेगी राहत, बीएस-6 गाड़ियों के पीयूसी की वैधता बदली

छह साल तक पुरानी निजी गाड़ियों को तीन साल का प्रमाणपत्र, पुराने वाहनों को जल्द कराना होगा नवीनीकरण

आइडियासिटी संवाददाता

पटना। कार और बाइक चालकों के लिए प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) बनवाने को लेकर राहत भरी खबर है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 19 नवंबर 2026 को पीयूसी प्रमाणपत्र की वैधता का नया शेड्यूल जारी किया है। अब वाहन के उत्सर्जन मानक, उम्र और निजी या व्यावसायिक इस्तेमाल के आधार पर प्रमाणपत्र की अवधि तय होगी। बीएस-6 मानक वाली छह साल तक पुरानी निजी गाड़ियों का पीयूसी तीन साल तक वैध रहेगा। छह से दस साल पुराने निजी वाहनों के लिए एक साल और दस साल से अधिक पुराने वाहनों के लिए छह महीने की वैधता होगी। बीएस-6 कमर्शियल वाहनों में छह साल तक की उम्र पर दो साल, छह से दस साल पर एक साल और



दस साल से अधिक उम्र पर छह महीने की वैधता निर्धारित की गई है। बीएस-1, बीएस-2 और बीएस-3 वाहनों का पीयूसी तीन महीने तथा बीएस-4 वाहनों का छह महीने तक वैध रहेगा। नए नियमों से खासकर कम उम्र की बीएस-6 निजी गाड़ियों के मालिकों को बार-बार प्रमाणपत्र बनवाने की परेशानी से राहत मिलेगी।

मगध सम्राट महाराज जरासंध की 5229वीं जयंती धूमधाम से मनी

आइडियासिटी संवाददाता

हिलसा । मगध सम्राट महाराज जरासंध की 5229वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को हिलसा स्थित जरासंध भवन में भव्य पूजा-अर्चना एवं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर चंद्रवंशी समाज के लोगों और महाराज जरासंध के अनुयायियों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार चंद्रवंशी एवं बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार शामिल हुए। दोनों नेताओं ने महाराज जरासंध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार चंद्रवंशी का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य बाजार में बिहार विधानसभा जिंदाबाद, बिहार सरकार जिंदाबाद और मगध सम्राट महाराज जरासंध की जय के नारों से माहौल गूंज उठा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह भी मौजूद



रहे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि महाराज जरासंध का भारतीय इतिहास और परंपराओं में विशेष स्थान रहा है। उनका जीवन पराक्रम, साहस और दृढ़ संकल्प की प्रेरणा देता है। उन्होंने राजगीर में बने स्टेडियम का नाम महाराज जरासंध के नाम पर रखने के लिए बिहार सरकार को पत्र भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि चंद्रवंशी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। पूर्वजों की विरासत और संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उपमुख्य पार्षद दुर्गा देवी, वार्ड पार्षद पम्मी कुमारी, जिला पार्षद संजय कुमार सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

अतिक्रमण हटाओ अभियान : सड़क पर सामान रखने वाले दुकानदारों को दी गई चेतावनी



आइडियासिटी संवाददाता

हिलसा । हिलसा शहर में प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य बाजार, स्टेशन रोड और बस स्टैंड इलाके में सड़क पर सामान रखकर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को अपना सामान हटाने का निर्देश दिया गया। अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार ने किया। दोनों अधिकारियों ने बाजार में पैदल भ्रमण कर दुकानदारों को अतिक्रमण से होने वाली परेशानियों की जानकारी दी। एसडीओ ने दुकानदारों को दुकान की निर्धारित सीमा के अंदर ही सामान रखने तथा सड़क और फुटपाथ को अतिक्रमणमुक्त रखने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि सड़क पर सामान रखने से पैदल चलने वालों और वाहनों को आवागमन में परेशानी होती है। इससे जाम की समस्या के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। प्रशासन ने दुकानदारों से यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार जुर्माना एवं अन्य कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अधिकारियों ने अन्नपूर्णा पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया तथा जर्जर भवन के कार्य और विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

अभियान में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार, सशस्त्र बल के जवान एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर में यातायात और बाजार व्यवस्था सुधारने के लिए अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा।

हमें अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को हमेशा याद रखना चाहिए : श्रवण कुमार

जरासंध महाराज की 5229वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

आइडियासिटी संवाददाता

हिलसा। हिलसा अनुमंडल के वार्ड संख्या-13 स्थित सैदा बाजार में शुक्रवार को जरासंध महाराज की 5229वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि हमें हमेशा अपने इतिहास को याद रखना चाहिए। जरासंध महाराज का नालंदा से ऐतिहासिक संबंध रहा है। स्थानीय संस्कृति में भी जरासंध की अमिट छाप देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि अपने गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को सहेजकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष धनंजय कुमार, दुर्गा कुमारी, भाजपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित चंद्रवंशी, भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास कुमार चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद पम्मी कुमारी, शिव चंद्रवंशी, इंद्र



चंद्रवंशी, जदयू नेता पवन संतोष चंद्रवंशी, दयानंद चंद्रवंशी, जिला पार्षद संजय चंद्रवंशी, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, राजू भारद्वाज, हिलसा नगर अध्यक्ष मंजय चंद्रवंशी, भाजपा जिला प्रवक्ता संजय सागर चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, देवानंद चंद्रवंशी, अभिषेक चंद्रवंशी, धनंजय चंद्रवंशी, पन्नालाल चंद्रवंशी, उदय चंद्रवंशी, हिलसा के अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार, विकास कुमार, रूपेश एवं रजनीश ठाकुर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सात साल से फरार फर्जी परीक्षार्थी पटना से गिरफ्तार

सिपाही भर्ती परीक्षा 2019 में दूसरे के स्थान पर दे रहा था परीक्षा

आइडियासिटी संवाददाता



बिहारशरीफ। लहेरी थाना पुलिस को सात साल पुराने एक संगीन मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की लिखित परीक्षा 2019 में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी राकेश कुमार को पुलिस ने पटना से गिरफ्तार कर लिया है। लहेरी थाना के अपर थानाध्यक्ष ऋतुराज ने बताया कि आरोपी पिछले सात साल से पुलिस की गिरफ्त से बचकर फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह पटना में छिपा हुआ है। सूचना का सत्यापन करने के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पटना जिले के बाईपास थाना क्षेत्र में छापेमारी की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मामला 16 जून 2019 का है। उस दिन बिहारशरीफ के रांची रोड स्थित कैरियर पब्लिक स्कूल में केंद्र संख्या 1109 पर केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा के दौरान सुबह करीब 11:30 बजे जांच के क्रम में वीक्षकों ने दो फर्जी परीक्षार्थियों को रंगे हाथों पकड़ा था। दोनों वास्तविक परीक्षार्थियों की सहमति से उनके स्थान पर परीक्षा दे रहे थे। तत्कालीन केंद्राधीक्षक संदीप कुमार के आवेदन पर लहेरी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसमें जहानाबाद जिले के दो युवकों को नामजद किया गया था। इनमें पाली थाना क्षेत्र के पाली निवासी अशोक सिंह के पुत्र कौशल कुमार को कमरा संख्या छह में वास्तविक परीक्षार्थी राकेश कुमार (अनुक्रमांक 1011090617) के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया था। वहीं, गौरक्षणी निवासी देवेंद्र सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार को परीक्षा कक्ष में वास्तविक परीक्षार्थी जितेंद्र कुमार (अनुक्रमांक 811090517) के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया था।पुलिस ने इस मामले में धोखाधड़ी और बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसी मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी राकेश कुमार की गिरफ्तारी अब पटना से की गई है।

45 किलो गांजा और 1.49 लाख रुपये के साथ तीन महिला गिरफ्तार

आइडियासिटी संवाददाता



बिहारशरीफ । नालंदा जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर रहुई थाना क्षेत्र के भंडारी गांव में पुलिस ने तीन अलग-अलग घरों में छापेमारी कर कुल 45 किलोग्राम गांजा और 1 लाख 49 हजार 900 रुपये नकद बरामद किए हैं। इस मामले में तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। रहूई थाना अध्यक्ष ललित विजय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 19 नवंबर 2026 को भंडारी गांव में छापेमारी की गई। सबसे पहले रमेश यादव के घर से 12.5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इसके बाद राजेश कुमार के घर से 29.5 किलोग्राम गांजा मिला। वहीं, रवि कुमार के घर की तलाशी के दौरान 3 किलोग्राम गांजा और 1 लाख 49 हजार 900 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान कारोबार में कथित रूप से संलिप्त तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। मामले में रहुई थाना प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, मामले में शामिल अन्य आरोपित फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

छापेमारी दल का नेतृत्व रहुई थानाध्यक्ष पु.अ.नि. ललित विजय ने किया। टीम में पु.अ.नि. संतोष कुमार सुमन, उपेन्द्र कुमार राम, कुमार किशोर मंडल, सिपाही संजीव कुमार, ज्वाला कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, महिला सिपाही सोनी कुमारी, इंदु कुमारी एवं चालक सिपाही कुंदन कुमार शामिल थे।

जन-सुनवाई में रास्ता बंद करने, जलनिकासी और भूमि विवाद की शिकायतें पहुंचीं

आइडियासिटी संवाददाता



बिहारशरीफ। आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित समाधान करने तथा उनके प्रभावी निष्पादन के उद्देश्य से शुक्रवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में जन-सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने एक-एक कर शिकायतों को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जन-सुनवाई के दौरान रास्ता बंद करने, ग्राम मायापुर के वार्ड संख्या-10 में पोखर के पानी की निकासी, नाले पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, राजस्व ग्राम दरिया सराय को प्रखंड-सह-अंचल सिलाव से अलग कर प्रखंड-सह-अंचल गिरियक में शामिल करने की मांग से जुड़े मामले सामने आए। इसके अलावा हरनौत रेल फैक्ट्री पथ पर समपार संख्या-10/सी के स्थान पर पहुंच पथ सहित रेल ऊपरी पुल के निर्माण, बकाया वेतन भुगतान तथा अतिक्रमण हटाकर रास्ते की निकासी सुनिश्चित कराने से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुईं। रास्ता बंद करने से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नालंदा को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं, ग्राम मायापुर के वार्ड संख्या-10 में पोखर के पानी की निकासी और नाले से अवैध अतिक्रमण हटाने की शिकायत पर भी इसी पदाधिकारी को कार्रवाई करने को कहा गया। राजस्व ग्राम दरिया सराय को प्रखंड-सह-अंचल सिलाव से अलग कर गिरियक में शामिल करने के मामले में प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। हरनौत रेल फैक्ट्री पथ पर समपार संख्या-10/सी के स्थान पर पहुंच पथ सहित रेल ऊपरी पुल के निर्माण से संबंधित मामले में अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ को कार्रवाई करने को कहा गया। बकाया वेतन भुगतान की शिकायत पर जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। भूमि विवाद से जुड़े मामलों के निष्पादन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिहारशरीफ को निर्देशित किया गया। वहीं, अतिक्रमण हटाकर रास्ते की निकासी सुनिश्चित करने के मामले में प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा को नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जन-सुनवाई में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया



आइडियासिटी संवाददाता

बिहारशरीफ। नशा मुक्ति अभियान-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को टाउन हाई स्कूल एवं आदर्श उच्च विद्यालय में नशा मुक्ति विषय पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें दोनों विद्यालयों के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नशे के दुष्परिणामों, इसके सामाजिक एवं पारिवारिक प्रभावों तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने अपनी पेंटिंग और निबंध के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना और नई पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 26 नवंबर 2026 को नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

सोहसराय हॉल्ट पर जाम में 15 मिनट तक फंसी रही राजगीर-बख्तियारपुर मेमू ट्रेन

क्रॉसिंग पर वाहनों की लंबी कतार से बाधित हुआ परिचालन



आइडियासिटी संवाददाता

बिहारशरीफ। सोहसराय हॉल्ट के समीप रेलवे क्रॉसिंग पर लगे जाम के कारण राजगीर-बख्तियारपुर मेमू ट्रेन को करीब 15 मिनट तक ट्रैक पर खड़ा रहना पड़ा। क्रॉसिंग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगने और रेलवे ट्रैक पर वाहनों के फंसे रहने से ट्रेन का परिचालन बाधित हो गया। सूचना मिलने पर आरपीएफ के जवान और रहुई थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद ट्रैक से वाहनों को हटवाया गया, जिसके बाद ट्रेन का परिचालन शुरू हो सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि इन दिनों लग्न और शादी-विवाह का मौसम चल रहा है। इस कारण सोहसराय हॉल्ट के समीप क्रॉसिंग पर अक्सर जाम की स्थिति बन रही है। एक-दो दिन के अंतराल पर लोगों को ऐसी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम के कारण ट्रेन के यात्रियों के साथ-साथ सड़क से गुजरने वाले लोगों को भी काफी दिक्कत होती है। बिहारशरीफ के स्टेशन प्रबंधक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि जिस ट्रेन का सोहसराय हॉल्ट पर ठहराव होता है, उसके गुजरने के दौरान क्रॉसिंग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। ट्रेन के गुजरने के बाद जैसे ही रेलवे फाटक खोला जाता है, वाहन चालक जल्दबाजी में निकलने की कोशिश करते हैं। कई बार वाहन रेलवे ट्रैक पर ही फंस जाते हैं। इससे फाटक को दोबारा बंद करना संभव नहीं हो पाता और अगली ट्रेन को इंतजार करना पड़ता है। हालांकि, जिन ट्रेनों का हॉल्ट पर ठहराव नहीं होता है, उनके परिचालन के दौरान ऐसी स्थिति कम देखने को मिलती है। शुक्रवार को ट्रेन के फंसे होने की सूचना पर आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और जाम हटवाकर परिचालन सुचारु कराया।



नालंदा से अगवा प्रॉपर्टी डीलर की लखीसराय में हत्या, बालू में दफन मिला शव

पांच गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर चानन में शव बरामद

आइडियासिटी संवाददाता

छबिलापुर । थाना क्षेत्र के बुधाय बिगहा गांव से एक प्रॉपर्टी डीलर का अपहरण कर लखीसराय ले जाकर हत्या कर दिए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। अपहरण के करीब 20 दिनों बाद पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर लखीसराय जिले के चानन थाना क्षेत्र के रेउटा गांव में किऊल नदी के किनारे बालू में दफन शव बरामद किया। इस हत्याकांड में अब तक पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। व्यापारिक विवाद में 10 लाख रुपये की सुपारी देकर हत्या कराए जाने की बात भी सामने आ रही है। मृतक छबिलापुर थाना क्षेत्र के बुधाय बिगहा गांव के निवासी थे। उन्हें 29 अक्टूबर को घर के पास से बहला-फुसलाकर अगवा किया गया था। इस मामले में एक नवंबर को उनकी बहू ने छबिलापुर थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस को अपहृत के मोबाइल का लोकेशन लगातार बदलता मिला। इसके आधार पर पुलिस की टीम अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने पहले दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उनसे मिली जानकारी के आधार पर तीन अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया। पांचों आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस लखीसराय पहुंची, जहां बालू में दबा शव बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपितों ने गमछे से गला घोंटकर हत्या करने की बात बताई है। पुलिस को आशंका है कि अपहरण के दिन ही बुजुर्ग की हत्या कर दी गई थी। शव काफी सड़ चुका था। चानन थानाध्यक्ष उज्ज्वल कुमार ने बताया कि शव को बालू में दफन किया गया था। कपड़ों के आधार पर परिवार वालों ने उसकी पहचान की है। फॉरेंसिक पोस्टमार्टम के लिए शव को पीएमसीएच रेफर किया गया है। शुरुआती जांच में हत्या की साजिश का तार पटना जिले के बाढ़ से जुड़ रहा है। चर्चा है कि वहां के एक प्रॉपर्टी डीलर ने व्यापारिक विवाद में दूसरे डीलर की हत्या के लिए 10 लाख रुपये की सुपारी दी थी। सूत्रों के मुताबिक, सुपारी देने वाले प्रॉपर्टी डीलर की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। हालांकि, पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। छबिलापुर थानाध्यक्ष अनोज कुमार पाठक ने बताया कि शुरुआती जांच में व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के कारण हत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। विस्तृत जांच और आधिकारिक खुलासे के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर साफ होगी।

अग्निशमन सेवा की ओर से समाहरणालय परिसर में जीवंत अग्नि मॉक ड्रिल आयोजित

सायरन बजते ही कर्मियों की सुरक्षित निकासी का किया अभ्यास

आइडियासिटी संवाददाता

बिहारशरीफ : नागरिक सुरक्षा मॉक अभ्यास के सुचारु एवं प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को अपराह्न तीन बजे समाहरणालय परिसर स्थित शहीद हरदेव भवन में महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। आपदा प्रबंधन शाखा के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के साथ ही समाहरणालय परिसर में अग्निशमन सेवा की ओर से जीवंत अग्नि मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस, अग्निशमन सेवा, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, गृह रक्षा वाहिनी, राज्य आपदा मोचन बल, आपदा मित्र, स्वयंसेवकों तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के प्रतिनिधियों को उनकी विशिष्ट भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। इस दौरान आपातकालीन परिस्थितियों में सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही चेतावनी सायरन, बिजली आपूर्ति बंद करने की व्यवस्था (ब्लैकआउट प्रोटोकॉल) तथा 24 घंटे सक्रिय रहने वाले जिला



आपातकालीन संचालन केंद्र की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई।बवहीं, स्वास्थ्य विभाग की मेडिकल टीम और एंबुलेंस की सहायता से घायलों को प्राथमिक उपचार देने तथा उन्हें अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का भी सजीव प्रदर्शन किया गया। अंत में लगातार सुरक्षित स्थिति का संकेत देने वाला 'ऑल क्लियर' सायरन बजाकर मॉक ड्रिल के समापन की घोषणा की गई। इस अभ्यास के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितियों में विभिन्न विभागों की तत्परता, आपसी समन्वय और बचाव कार्यों की तैयारियों को परखा गया।

बिना अग्रिम राशि के सेवा संकल्प अभियान का काम कराने पर प्रधानाध्यापकों ने जताई आपत्ति

कहा- अपनी जेब से या उधार लेकर काम कराने में भुगतान फंसने का डर

आइडियासिटी संवाददाता

नूरसराय। सेवा संकल्प अभियान के तहत बिना अग्रिम राशि उपलब्ध कराए विद्यालयों में कार्य शुरू कराने के विभागीय निर्देश पर नूरसराय प्रखंड के प्रधानाध्यापकों और प्रधान शिक्षकों ने आपत्ति जताई है। शिक्षकों का कहना है कि बिना राशि आवंटित किए अपनी जेब से या उधार लेकर काम कराना व्यावहारिक नहीं है। ऐसी स्थिति में भविष्य में खर्च की राशि का भुगतान नहीं होने या पैसा फंसने की आशंका बनी रहती है। वहीं, स्थानीय दुकानदार और सामग्री आपूर्तिकर्ता भी बिना भुगतान के सामान देने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने ज्ञापांक 311, दिनांक 14 नवंबर 2026 के माध्यम से कार्य शुरू नहीं करने को लेकर प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा था। इसके जवाब में प्रखंड के प्राथमिक और मध्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, प्रभारी प्रधानाध्यापकों एवं प्रधान शिक्षकों ने 18 नवंबर को सामूहिक रूप से अपना स्पष्टीकरण सौंपा है। स्पष्टीकरण में शिक्षकों ने कहा है कि सेवा संकल्प अभियान के तहत होने वाले कार्यों के लिए अब तक विद्यालयों को कोई अग्रिम राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खर्च करने का निर्देश तो दिया गया, लेकिन प्राथमिक और मध्य विद्यालयों के लिए अलग-अलग व्यय सीमा और स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं बताए गए हैं। शिक्षकों के अनुसार, मौखिक निर्देश मिलने के बाद स्थानीय दुकानदारों, सामग्री



आपूर्तिकर्ताओं और कार्यकर्ताओं से संपर्क किया गया, लेकिन सभी ने बिना अग्रिम भुगतान के काम करने और सामग्री उपलब्ध कराने में असमर्थता जताई। ऐसे में कार्य शुरू नहीं हो पाना उनकी लापरवाही नहीं, बल्कि राशि आवंटित नहीं होने और स्पष्ट दिशा-निर्देश के अभाव का परिणाम है। प्रधानाध्यापकों ने अपने सामूहिक स्पष्टीकरण को संतोषजनक मानते हुए संभावित अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा निरस्त करने की मांग की है। साथ ही भरोसा दिलाया है कि विभाग की ओर से राशि उपलब्ध कराते ही अभियान के तहत निर्धारित सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे कर लिए जाएंगे। स्पष्टीकरण की प्रतिलिपि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, नालंदा को भी भेजी गई है।

अल्पसंख्यक ऋण के बकायेदारों को अंतिम मौका, 23 से 28 नवंबर तक लगेगा विशेष शिविर

जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में जमा कर सकेंगे बकाया राशि

आइडियासिटी संवाददाता

बिहारशरीफ। अल्पसंख्यक ऋण लेकर लंबे समय से बकाया राशि जमा नहीं करने वाले ऋणधारकों को अब अंतिम मौका दिया गया है। बकाया ऋण की वसूली के लिए 23 से 28 नवंबर तक बिहारशरीफ स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में विशेष शिविर लगाया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की सावधि ऋण योजना तथा शिक्षा ऋण योजना के बकायेदारों को अपनी बकाया राशि जमा करने की सुविधा मिलेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम, पटना के निर्देश पर जिले में विशेष ऋण वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न योजनाओं के तहत वितरित ऋण की बकाया राशि की वसूली में तेजी लाना है। इन योजनाओं के माध्यम से रोजगार, शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया था। लेकिन कई ऋणधारकों की ओर से निर्धारित समय पर ऋण की किस्तें जमा नहीं की जा रही हैं। इसके कारण बड़ी राशि लंबे समय से बकाया है। मनीष कुमार ने बताया कि बकायेदारों को बकाया राशि जमा करने के लिए पर्याप्त अवसर दिया जा रहा है। 23 से 28 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस विशेष शिविर को कानूनी प्रक्रिया शुरू करने से पहले अंतिम अवसर के रूप में देखा जा रहा है। इस अवधि में बकाया राशि जमा नहीं करने वाले ऋणधारकों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित सभी ऋणधारकों से अपील की है कि वे अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना शिविर में पहुंचकर अपनी बकाया राशि जमा करें।

नशामुक्त बिहार अभियान के तहत नालंदा खुला विश्वविद्यालय में जागरूकता रैली आयोजित



आइडियासिटी संवाददाता

नालंदा। नालंदा खुला विश्वविद्यालय में नशामुक्त बिहार अभियान के अंतर्गत नशामुक्त जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से स्वस्थ समाज तथा सशक्त एवं समृद्ध बिहार के निर्माण के उद्देश्य से 27 अक्टूबर से 25 नवंबर 2026 तक नशामुक्त बिहार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक सप्ताह के लिए अलग-अलग विषय निर्धारित किए गए हैं। अभियान के चौथे सप्ताह (17 से 25 नवंबर) का विषय युवा जोश रखा गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार ने कहा कि इस तरह की जागरूकता रैली युवाओं को आत्मचिंतन और आत्ममंथन के लिए प्रेरित करेगी। साथ ही उन्हें स्वयं और अपने आसपास के विकास के प्रति सचेत करेगी। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध बिहार का सपना साकार हो सकेगा। कार्यक्रम का संचालन कर रहीं डॉ. संगीता कुमारी ने कहा कि यह पहल एक नई सोच का शंखनाद है। इस अवसर पर डॉ. पल्लवी ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि नशामुक्ति की शुरुआत स्वयं से करें तथा अपने परिवार और दोस्तों को भी इसके लिए प्रेरित करें। डॉ. किरण पांडेय ने विद्यार्थियों को नशे के अंधकार से दूर रहने की सलाह दी। वहीं, डॉ. अमरनाथ पांडेय ने कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है। डॉ. मीना कुमारी ने कहा कि नशामुक्ति इसलिए जरूरी है, क्योंकि नशे से केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है। आफताब अहमद ने प्रत्येक व्यक्ति को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया।



कार्तिक पूर्णिमा पर कोसुक घाट में उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

पंचाने नदी घाट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

आइडियासिटी संवाददाता

बिहारशरीफ। आगामी 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बिहारशरीफ प्रखंड के कोसुक स्थित पंचाने नदी तट पर भव्य मेला और पवित्र स्नान का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में सदर अनुमंडल पदाधिकारी किसलय श्रीवास्तव, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमरनाथ और दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने संयुक्त रूप से कोसुक घाट और मेला परिसर का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट की स्थिति, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था और साफ-सफाई का बारीकी से जायजा लिया। मेला क्षेत्र में उगी घास-फूस और फैली गंदगी को हटाने के लिए



नगर निगम से समन्वय स्थापित कर तत्काल सफाई कराने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंचाने नदी में आस्था की डुबकी लगाते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए छठ पूजा के दौरान लगाई गई बैरिकेडिंग को मजबूत कर उसका उपयोग किया जाएगा। सदर अनुमंडल पदाधिकारी किसलय श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक और थानाध्यक्ष के साथ मेला स्थल का भौतिक सत्यापन किया गया है। घाट पर उगी घास और गंदगी की सफाई के लिए नगर निगम से समन्वय बनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। नदी में स्नान के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए छठ पूजा में लगाई गई बैरिकेडिंग का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जाएंगे। मेले में मनोरंजन के लिए झूले लगाने की अनुमति के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी तक किसी संचालक की ओर से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाएगा।

रामायण काल से जुड़ा है पंचाने नदी का इतिहास, गंगा के समान माना जाता है महत्व

कोसुक स्थित पंचाने नदी तट पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन उमड़ने वाली भारी भीड़ के पीछे गहरा पौराणिक और लोक-सांस्कृतिक महत्व जुड़ा हुआ है। वाल्मीकि रामायण के बालकांड में मगध की प्राचीन राजधानी गिरिव्रज (राजगीर) के समीप बहने वाली जिस सुमागधी नदी का वर्णन मिलता है, इतिहासकार उसकी पहचान वर्तमान पंचाने नदी से करते हैं। छोटानागपुर के पठार से निकलने वाली पांच अलग-अलग धाराओं तिलैया, ढाढर, धनराजी, सोभी और खुरी के गिरियक के पास संगम से पंचाने नदी का निर्माण होता है। इसी वजह से स्थानीय स्तर पर इसे गंगा के समान पवित्र माना जाता है। नालंदा से गंगा नदी की दूरी अधिक होने के कारण बिहारशरीफ शहर समेत राणाबिगहा, मघड़ा, दीपनगर, नूरसराय और रहुई आदि क्षेत्रों के लाखों श्रद्धालुओं के लिए कोसुक घाट कार्तिक स्नान का प्रमुख और नजदीकी तीर्थस्थल है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्रद्धालु सुबह-सवेरे पंचाने नदी में पवित्र स्नान और दीपदान करते हैं। इसके बाद कोसुक गांव स्थित स्थानीय लोकदेवता बाबा चौहरमल के मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। सदियों से चली आ रही इस ऐतिहासिक मेले की एक अनूठी परंपरा भी है। स्नान और पूजा-अर्चना के बाद लोग मेले से मूली, सुथनी (शकरकंद की एक प्रजाति) और बांस की लाठी जरूर खरीदते हैं। ग्रामीण संस्कृति में नई फसल के आगमन और आत्मरक्षा के प्रतीक के रूप में जुड़ी यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। यही वजह है कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कोसुक का यह मेला धार्मिक आस्था के साथ-साथ ग्रामीण लोक-संस्कृति और परंपरा का भी प्रतीक बना हुआ है।

नवादा-पावापुरी रेल परियोजना में जमीन अधिग्रहण पर फिर पेच

पांच रैयतों ने प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण पर कराया आपत्ति दर्ज

आइडियासिटी संवाददाता


गिरियक। नवादा-पावापुरी नई रेल लाइन परियोजना में भूमि अधिग्रहण को लेकर एक बार फिर पेच फंसता नजर आ रहा है। पुरी मौजा के पांच रैयतों ने प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण पर आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रशासन से परियोजना के संरेखण और वैकल्पिक मार्गों पर नए सिरे से विचार करने की मांग की है। रैयतों का कहना है कि वे रेल परियोजना के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास के नाम पर निजी और पुश्तैनी जमीन अधिग्रहित करने से पहले यह देखना जरूरी है कि क्या कम भूमि प्रभावित करने वाले किसी दूसरे विकल्प से भी परियोजना का उद्देश्य पूरा किया जा सकता है। उन्होंने पावापुरी में प्रस्तावित नए रेलवे स्टेशन की उपयोगिता पर भी सवाल उठाते हुए मौजूदा स्टेशन के विस्तार और आधुनिकीकरण का विकल्प तलाशने की मांग की है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति रखने वाले रैयतों में अनिल उपाध्याय, सुरेश प्रसाद सिंह, विजय सिंह, अनुग्रह प्रसाद सिंह और अशोक कुमार शामिल हैं। इनका कहना है कि रेल परियोजना क्षेत्र के विकास और आवागमन की सुविधा के लिहाज से महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे प्रभावित होने वाले परिवारों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति और पुश्तैनी संपत्ति के महत्व को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उनका आग्रह है कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने से पहले सभी संभावित विकल्पों की निष्पक्ष समीक्षा की जाए। किसानों ने अपनी आपत्ति में पावापुरी में प्रस्तावित नए रेलवे स्टेशन के निर्माण को प्रमुख मुद्दा बनाया है। उनका तर्क है कि स्थानीय लोगों को मौजूदा रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में महज पांच से सात मिनट का समय लगता है। ऐसे में नए स्टेशन के निर्माण की आवश्यकता और उसकी उपयोगिता का तकनीकी एवं आर्थिक आधार पर आकलन किया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया है कि क्या मौजूदा स्टेशन का विस्तार, आधुनिकीकरण, प्लेटफॉर्म और अन्य यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी कर यात्रियों की जरूरतें पूरी नहीं की जा सकती हैं। इसके लिए रेलवे से तुलनात्मक तकनीकी एवं आर्थिक रिपोर्ट उपलब्ध कराने की मांग की गई है, ताकि नए स्टेशन के निर्माण और पुराने स्टेशन के विस्तार के विकल्पों की वास्तविक उपयोगिता स्पष्ट हो सके। रैयत अनिल उपाध्याय ने अपने आवेदन में परिवार की जमीन से जुड़े मामले को विशेष रूप से उठाया है। उन्होंने बताया कि पावापुरी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण के लिए उनके परिवार की 60 डिसमिल जमीन पहले ही अधिग्रहित की जा चुकी है। अब प्रस्तावित रेल परियोजना के कारण बची हुई पैतृक जमीन पर भी अधिग्रहण की आशंका बनी हुई है। उनका कहना है कि परिवार पहले ही जनहित में अपनी जमीन दे चुका है। ऐसे में शेष पुश्तैनी जमीन को बचाने के लिए प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ विचार करना चाहिए। उन्होंने परिवार की परिस्थितियों को देखते हुए भूमि अधिग्रहण से राहत देने की मांग की है। पांचों रैयतों ने परियोजना से संबंधित स्वीकृत नक्शा, रेल लाइन का संरेखण, भूमि अधिग्रहण का पूरा विवरण और वैकल्पिक मार्गों के सर्वे से जुड़े तकनीकी अभिलेखों का निरीक्षण करने की अनुमति भी मांगी है। उनका कहना है कि परियोजना के वास्तविक स्वरूप और भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता को समझने के बाद ही आपत्तियों पर सार्थक निर्णय लिया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने पटना उच्च न्यायालय के 28 सितंबर 2026 के आदेश के अनुरूप व्यक्तिगत सुनवाई करने और प्रत्येक आपत्ति पर तथ्यों एवं कारणों के आधार पर स्पष्ट आदेश पारित करने का आग्रह किया है। अब इस मामले में जिला भू-अर्जन विभाग और रेलवे के तकनीकी अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। रैयतों की आपत्तियों, मौजूदा स्टेशन के विस्तार की संभावना और वैकल्पिक मार्गों के तकनीकी आकलन पर होने वाली समीक्षा से ही आगे की तस्वीर स्पष्ट होगी। फिलहाल पांच रैयतों की आपत्ति ने नवादा-पावापुरी रेल परियोजना में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है।

धान लदा ट्रैक्टर पलटने से चालक की दर्दनाक मौत

आइडियासिटी संवाददाता

करायपरसुराय। करायपरसुराय-रसलपुर सड़क मार्ग पर जोलविगहा पुल ` करीब 100 मीटर दक्षिण शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। धान लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी भरे तालाब में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक 36 वर्षीय राहुल यादव उर्फ राहुल कुमार की दबकर मौत हो गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, करायपरसुराय थाना क्षेत्र के नेसरा गांव निवासी श्याम यादव के 36 वर्षीय पुत्र राहुल यादव उर्फ राहुल कुमार ट्रैक्टर पर धान लादकर लौट रहे थे। इसी दौरान शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे करायपरसुराय-रसलपुर सड़क मार्ग पर जोलविगहा गांव के पुल के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी से भरे तालाब में पलट गया। ट्रैक्टर के पलटते ही मौके पर अफरातफरी मच गई।हादसे के बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे दबे चालक को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सुशील कुमार पासवान घटनास्थल पर पहुंचे और आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया गया। इस दर्दनाक हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।





प्राचीन नालन्दा की ज्ञान परंपरा को विश्वस्तरीय पहचान दिलाना हमारा लक्ष्य : कुलपति

नव नालन्दा महाविहार का 76वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

आइडियासिटी संवाददाता

नालन्दा। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन नव नालन्दा महाविहार का 76वां स्थापना दिवस शुक्रवार को हर्षोल्लास एवं शैक्षणिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविहार परिसर में आध्यात्मिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह में देश-विदेश के शिक्षाविदों, अधिकारियों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह आठ बजे महाविहार परिसर स्थित स्थापना शिला, भगवान गौतम बुद्ध, भदन्त भिक्खु जगदीश कश्यप तथा देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमाओं पर पूजा-अर्चना एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। मुख्य समारोह में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के कुलपति प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी मुख्य अतिथि, रॉयल थाई महावाणिज्य दूतावास की महावाणिज्यदूत सुश्री सिरिपोर्न तान्तिपान्यात्हेप विशिष्ट अतिथि तथा नव नालन्दा महाविहार के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन, बुद्ध एवं वैदिक वंदना तथा बौद्ध भिक्षुओं के मंगलपाठ से समारोह की शुरुआत हुई। कुलसचिव प्रो. रूबी कुमारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविहार की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि सुश्री सिरिपोर्न ने कहा कि प्राचीन नालन्दा की भूमि सदियों से ज्ञान, शांति, करुणा एवं आध्यात्मिक चेतना का केंद्र रही है। भारत और थाईलैंड के संबंध केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं से जुड़े हैं। भगवान बुद्ध की शिक्षाओं ने दोनों देशों को सदियों से जोड़ा है। उन्होंने पालि एवं संस्कृत भाषाओं के संरक्षण में महाविहार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां पढ़ने वाले विदेशी विद्यार्थी भारत की संस्कृति और बुद्ध की शिक्षाओं के संदेशवाहक बनकर अपने देश लौटते हैं। मुख्य अतिथि प्रो. अजीत कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि पालि भाषा एवं बौद्ध साहित्य के संरक्षण की आवश्यकता है। वर्तमान समय में पालि के जानकारों की संख्या सीमित होती जा रही है। उन्होंने अंतर्विषयक अध्ययन एवं अनुसंधान पर जोर देते हुए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और नव नालन्दा महाविहार के बीच शैक्षणिक सहयोग बढ़ाने की बात कही। इससे दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को लाभ मिलेगा।



अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि प्राचीन नालन्दा केवल बौद्ध धर्म का केंद्र नहीं, बल्कि ज्ञान-विज्ञान, चिकित्सा, दर्शन, भाषा एवं तर्कशास्त्र के अध्ययन का अंतरराष्ट्रीय केंद्र था। भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं, बल्कि ज्ञान, शांति, मैत्री और करुणा का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि नव नालन्दा महाविहार का उद्देश्य प्राचीन नालन्दा की वैश्विक ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करना है। इसे विश्वस्तरीय ज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र बनाना हमारा लक्ष्य है।

उन्होंने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से महाविहार को प्राचीन नालन्दा की महान परंपरा का वास्तविक उत्तराधिकारी बनाने का संकल्प लेने की अपील की। अंत में परीक्षा नियंत्रक-सह-प्रवेश प्रभारी प्रो. विश्वजीत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन डॉ. सोनम लामो ने किया। समारोह का समापन राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

बिहटा के रेस्टोरेंट में खाद्य सुरक्षा टीम का छापा, 50 किलो खाद्य सामग्री कूड़े में डलवाई

एक ही फ्रीजर में चिकन और शाकाहारी सामान, साफ-सफाई से लेकर भंडारण तक में मिलीं गंभीर खामियां

आइडियासिटी संवाददाता

पटना। ग्राहकों की थाली तक पहुंचने वाले खाने की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर खाद्य संरक्षा विभाग ने बिहटा में बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार को एनएच-30 किनारे स्थित बिहटा सोन होटल एवं रेस्टोरेंट में छापेमारी के दौरान करीब 50 किलो खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई। इसकी अनुमानित कीमत 10,150 रुपये बताई गई है।

निरीक्षण में 25.08 किलो स्वीट कॉर्न के 57 पैकेट, 15 किलो कच्चा चिकन और 10 किलो मूंगफली नष्ट कराई गई। इनमें स्वीट कॉर्न की कीमत 5700 रुपये, चिकन की 2250 रुपये और मूंगफली की 2200 रुपये आंकी गई। जांच में रेस्टोरेंट में डीप फ्रीजर की व्यवस्था नहीं मिली। शाकाहारी और मांसाहारी खाद्य पदार्थ एक ही फ्रीजर में रखे थे। कच्चे और पके भोजन को भी बिना ढके रखा गया था। खाद्य सामग्री के भंडारण में FIFO और FEFO नियमों का पालन नहीं हो रहा था। विभाग ने संचालक को साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों के अलग-अलग भंडारण, नियमित पानी जांच, कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और किचन में पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

"Learning the practical value of knowledge"
NALANDA VIDYA MANDIR
(A Unit of Magadh Educational Society)
Affiliated to C.B.S.E., New Delhi
N.H.-20, Patasang, P.O.: Amba, P.S.- Bhaganbigha, Dist.: Nalanda, State: Bihar-803119
Mob.: 9570230951, 9570230966, 9835630966
Email: nalandavidyamandir@yahoo.in | Website: www.nvm.edu.in
Come enroll with us and get plugged into the world...!!!
Class Nur. to 10+2
- We develop whats already inside you.
- Co-Education. Wi-Fi Campus.
- Ultra Modern and anti Earthquake Building.
- Transport facility.
- Experienced team of teachers.
- Cashless Fee Deposit facility.
- Multimedia Classroom and Library.
- Advance Science & Computer Lab.
- Medical Facility.
- Spacious Playground for Games & Sports.
- Preparation of competitive Exam from Class-IX.
ADMISSION OPEN 2026

गुरुकुल विद्यापीठ
10+2
गुरूकुल सेवायतन न्यास द्वारा संचालित
राजेन्द्र प्रसाद
प्रधानाध्यापक
पटेल उ.वि. बिहारशरीफ
सहायक शिक्षक
आदर्श उ.वि. बिहारशरीफ
आवासीय सुविधा से युक्त अत्याधुनिक छात्रावास
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत छात्राओं को विशेष छूट
- पटेल नगर, नईसराय, बिहारशरीफ (नालन्दा) मोबाइल - 9835473199
- जगदेव नगर, गाजीपुर, बिन्द (नालन्दा) मोबाइल - 7479559755
www.gurukulvidyapeeth.co | email: gurukulvidyapeethschool@gmail.com

38
GLORIOUS YEARS IN EDUCATION
R.P.S GROUP OF SCHOOLS
AFFILIATED TO C.B.S.E, NEW DELHI, UPTO 10+2 (PCM/PCB/COMMERCE & HUMANITIES
A PLACE FOR TRANSFORMING YOUR WARD'S FUTURE
OUR BRANCHES :
KACHAHARI ROAD | SOHAN KUAN | MAKANPUR | NOORSARAI
MAKE YOUR WARD EXCEL IN ACHIEVING HOLISTIC GOAL
भीड़ से अलग पढ़ाई चाहिए तो RPS आइये...250 सीटें सीमित
ADMISSION OPEN 2026-27
STUDENTS WHY THIS SCHOOL ?
DEVELOPMENT OF MENTAL FACULTIES
LEADERSHIP & PHYSICAL DEVELOPMENT
- OUTSTANDING ACADEMIC
- REMEDIAL CLAASES
- MODERN FACILITIES
- SMART CLASSES
- CO-CURRICULAR ACTIVITIES
- SAFETY & SECURITY INSIDE SCHOOL CAMPUS
- HOW TO CONCENTRATE ?
- GROUP DISCUSSION & DEBATES
- ANALYSIS & REASONING
- EXPOSURE TO PERSONALITIES
- SPORTS COMPLEX
- SECURED TRANSPORT FACILITIES
- DANCE CLASSES & MUSIC CLASSES
- HIGH TECH LABORATORIES
- LIBRARY & REST ROOM
- WELL QUALIFIED AND EXPERIENCED TEACHERS
CONTACT : 06112233707 | 9308711757 | 7897710018 | 9308711757 | 7992425125

(Govt. Recognized)
DISCOVER POSSIBILITIES. DISCOVER YOURSELF.
New-age Schooling for Next Age Learning!
SANSKAR R.S. SCHOOL
SANSKAR
R.S. SCHOOL
Breathing Values, Sharing Knowledge
Er. Sudhanshu Ranjan
Principal
26000 Sq.Ft. Campus Area
Admission Open Hurry Up!
PLAY TO STD 10+2
CBSE ENGLISH MEDIUM
Call : 9471265909, 9905205599
Singar Hat, Opp. of Kagzi Mohalla, Bihar Sharif (Nalanda)
visit us : www.sanskarschools.in